an>

Title: Regarding changing the nomenclature of Awas Yojana in Madhya Pradesh -laid.

श्री सुधीर गुप्ता (मन्दसौर): मुझे माननीय ग्रामीण विकास मंत्री जी का ध्यान मध्य प्रदेश सरकार की ओर आकृष्ट करते हुये कहना है कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना पूरे देश में विगत वर्षों से चल रही है एंव अभी तक करोड़ों रुपये की लागत से आवासों का निर्माण हुआ है एंव लाभार्थियों को सौंपा गया है। मध्य प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना का नाम बदलकर मुख्यमंत्री आवास योजना कर दिया है। इस योजना की राशि केंद्र सरकार द्वारा दी जा रही है। अत: माननीय मंत्री जी से आग्रह है कि मध्य प्रदेश सरकार को प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम से ही योजना चलाने हेतु माननीय मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन को आदेश निर्गत करने की कृपा करें।